# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

10 अप्रैल 2024, बुधवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा बालुरघाट, पश्चिम बंगाल में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**बंगाल में बॉम्ब ब्लास्ट की जाँच हाईकोर्ट ने NIA को दी लेकिन ममता दीदी इन गुंडों को बचाना चाहती हैं। NIA की टीम पर हमला करवाया गया। हम बॉम्ब ब्लास्ट करने वालों को उल्टा लटका कर सीधा करेंगे।**

*******************

**ममता दीदी एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद भी संदेशखाली के गुनाहगारों के साथ खड़ी हैं।**

*******************

**ममता दीदी बंगाल में घुसपैठ बंद नहीं कर सकती क्योंकि वो उनका वोटबैंक है। बंगाल में भाजपा के जीतने के बाद परिंदा भी पर नहीं मार सकता, ये मोदी की गारंटी है।**

*******************

**कांग्रेस को शरिया तो मंजूर है लेकिन यूसीसी नहीं चाहिए।**

*******************

**राहुल बाबा को थाईलैंड इतना पसंद है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में वहां की तस्वीर ही लगवा दी।**

*******************

**ममता बनर्जी CAA पर भ्रम फैला रही है और जनता को गुमराह कर रही है।**

*******************

**ममता बनर्जी चाहे कितना भी विरोध कर ले, मोदी सरकार शरणार्थी भाइयों को CAA के तहत नागरिकता देने के लिए संकल्पित है।**

*******************

आज केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर में बालुरघाट में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की **तृणमूल सरकार के गुंडे महिलाओं पर अत्याचार करते रहे और जब उनको पकड़ने के लिए ईडी की टीम पहुंची तो उन पर पथराव किया गया। महिला मुख्यमंत्री होने के बाद भी ममता बनर्जी ने राजनीतिक तुष्टीकरण के लिए संदेशखाली के अपराधियों का समर्थन किया।** श्री शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रियता और शासन के ट्रैक रिकॉर्ड पर प्रकाश डालते हुए 400 सीटों के लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया।

श्री शाह ने कहा कि बालुरघाट की जनसभा में आए लोगों की संख्या ही बता रही है कि बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित हो चुकी है। **19 अप्रैल को बंगाल के लोग भाजपा को विजयी बनाने का संकल्प ले चुके हैं।** बलूरघाट के क्षेत्र में फैली गरीबी की जिम्मेदार कम्युनिस्ट पार्टी और तृणमूल कांग्रेस है। बंगाल के क्षेत्रीय उत्पादन तात की साड़ी, दही और मुखड़ा सिल्क को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए केंद्र में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र और बंगाल दोनों ही जगह भाजपा की सरकार बनानी है। 2014 और 2019 में बंगाल की जनता ने भाजपा को क्रमशः 2 और 18 सीटों पर अपना आशीर्वाद दिया इसी क्रम में 2024 में बंगाल की जनता ने ठान लिया है कि प्रदेश की 30 से अधिक सीटें जिताकर, भाजपा को 370 के पार पहुंचाना है।

केंद्रीय मंत्री एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी के कारण सोनार बांग्ला कहा जाने वाला राज्य आए दिन बम विस्फोट की गूंज से दहल उठता है। ममता बनर्जी की सरकार ने बंगाल में सिर्फ दलाली और भ्रष्टाचार किया है। सशक्त भारत की कल्पना सशक्त बंगाल के बिना नहीं की जा सकती है और बंगाल को सशक्त बनाने के लिए राज्य में घुसपैठ की रोकथाम आवश्यक है। लेकिन **ममता बनर्जी की सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं करती, क्योंकि यह घुसपैठिए ही टीएमसी का वोटबैंक हैं। बंगाल में घुसपैठ की समस्या को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और बंगाल में भाजपा की सरकार ही हल कर सकती है।** असम भी घुसपैठ की समस्या से परेशान था, मगर असम की जनता ने राज्य में भाजपा पर विश्वास जताया और भाजपा सरकार ने इस समस्या को जड़ से खत्म कर दिया। आज कोई भी व्यक्ति असम सीमा से घुसपैठ नहीं कर सकता। बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठ की समस्या का निपटारा किया जाएगा, जिसके बाद बंगाल की जमीन पर कोई परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा।

श्री शाह ने कहा कि विपक्षी दल मिलकर राम मंदिर के मुद्दे को अटका, भटका और लटका रहा थे, **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण करवाकर राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की।** 500 वर्षों के बाद 17 अप्रैल को रामलला अपना जन्मदिन अपने भव्य घर के अंदर मनाएंगे। कांग्रेस एवं तृणमूल ने तुष्टीकरण के लिए धारा 370 को जारी रखा था लेकिन **5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का अभूतपूर्व अंग बनाने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संभव हुआ है।**

केंद्रीय मंत्री एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा अनेक काम किये गए हैं। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया, 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मुहैया कराया गया, 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिए, 4 करोड़ पक्के घर बनाए, 10 करोड़ लोगों को उज्जवला का कनेक्शन और 14 करोड़ लोगों को नल से जल पहुंचाया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 5 लाख तक का स्वास्थ्य का खर्चा मोदी सरकार उठा रही है।

श्री शाह ने तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि **मोदी सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाएं ममता बनर्जी द्वारा राज्य के आम नागरिक तक नहीं पहुंचने दी जाती हैं।** श्री अमित शाह ने जनता से कहा कि **आगामी चुनाव में 370 पार करके ममता सरकार को उखाड़ फेंकिए और सभी जनकल्याणकारी योजनाएं जनता तक पहुंचने लगेगी।** कोई भी कोयले की तस्करी, गौ तस्करी और घुसपैठ नहीं कर पाएगा, क्योंकि यह **पश्चिम बंगाल वहां के लोगों का है और इस बात से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।** तृणमूल नेता ममता

बनर्जी ने हमेशा तीन तलाक का विरोध किया परंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में तीन तलाक को समाप्त किया।

केंद्रीय मंत्री एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता आज भी मुस्लिम पर्सनल लॉ की मांग करते हैं और यूसीसी का विरोध करते हैं। **कांग्रेस के घोषणापत्र में थाइलैंड की तस्वीर लगाते हैं क्योंकि राहुल गांधी बार-बार वहां छुट्टियां मनाने चले जाते हैं। विपक्षी पार्टियों का देश की गरीबों और जनता के साथ कोई सरोकार नहीं है।** मोदी सरकार द्वारा पारित सीएए कानून पर ममता बनर्जी बंगाल की जनता को गुमराह कर रही हैं। विपक्ष यह भ्रम फैलाने में लगा है कि इस कानून के तहत लोगों से उनकी नागरिकता छीनकर शरणार्थियों पर मुकदमे किए जाएंगे। **केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने लोगों को आश्वस्त किया कि सीएए के तहत भारत में आए शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी और किसी पर भी कोई मुकदमा नहीं किया जाएगा। एक ओर ममता बनर्जी बंगाल में आए रोहिंग्याओं का समर्थन करती हैं, मगर दूसरी ओर हिन्दु, सिख और बौद्ध शरणार्थियों को बरगला रही हैं। ममता बनर्जी चाहे कितना भी विरोध कर ले, मोदी सरकार देश में आए सिख, हिन्दु और बौद्ध शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने के लिए संकल्पित है।** पहले के समय बंगाल में संगीत सुनाई देता था, आज बम-धमाके सुनाई पड़ते हैं। कुछ समय पहले ही बंगाल के भूपतिनगर बम ब्लास्ट हुआ, जिसकी जांच उच्च न्यायालय ने एनआईए को सौंपी। लेकिन **ममता बनर्जी की सरकार ने एनआईए पर केस दर्ज कर, बम ब्लास्ट के आरोपियों को बचाने का काम कर रही हैं।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जे नेतृत्व वाली सरकार सभी आरोपियों को उल्टा करके, सीधा करने का काम करेगी।

श्री शाह ने ममता बनर्जी पर प्रहार करते हुए कहा कि संदेशखाली जैसी शर्मनाक घटना पर भी तृणमूल सरकार द्वारा राजनीति की गई। वर्षों तक ममता बनर्जी की नाक के नीचे **तृणमूल सरकार के गुंडे महिलाओं पर अत्याचार करते रहे और जब उनको पकड़ने के लिए ईडी की टीम गई तो उन पर पथराव किया गया।** पश्चिम बंगाल की जनता यह समझ चुकी है कि **महिला मुख्यमंत्री होने के बाद भी ममता बनर्जी ने राजनीतिक तुष्टीकरण के लिए संदेशखाली के अपराधियों का समर्थन किया।** तृणमूल कांग्रेस की सरकार और ममता बनर्जी को जिताने का मतलब है संदेशखाली जैसी घटनाओं को बढ़ावा देना और **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को जिताने का मतलब है पश्चिम बंगाल की नई तस्वीर स्थापित करते हुए विकास के मार्ग प्रशस्त करना।** उन्होंने जनता से संदेशखाली के अपराधियों को दंड देने और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को एक फिर से प्रधानमंत्री बनाने और 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने का आग्रह किया।

*****************************